हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जनवरी 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 नगर के मुख्य मार्गों से निकली यात्रा का जगह...



07 विनम्रता के साथ जो व्यक्ति कदम बढ़ाते हैं वह जीत...



### विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की ग्राम पंचायत पिपलिया घाटा और बर्डा बरखेड़ा पहुंची

# कृषि विभाग ने किसानों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन कर खेती के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

केन्द्र शासन की योजनाओं का वंचितों एवं अपेक्षितों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जनपद पंचायत बडौद की ग्राम पंचायत पिपलिया घाटा व बर्डा बरखेड़ा पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की गईं तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन कर खेती के बारे में जानकारी दी। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित



हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओं की प्रशंसा की। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलिइजर, अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाया जा रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा नलखेड़ा तहसील के ग्राम दमदम व पीलवास पहुंची



नलखेड़ा। जिले में 16 दिसम्बर से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में जरूरतमंद और पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी जो नागरिक किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना है। केन्द्र शासन की योजनाओं का वंचितों एवं अपेक्षितों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा ने रविवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत दमदम व पीलवास का भ्रमण किया। आईईसी वेन का कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख-अनुभव साझा किया जा रहा है। यात्रा अन्तर्गत गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणजनों को अनेक विभागीय योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने शिविर को सम्बोधित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर ईलाज किया गया। साथ ही शिविर में शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता, हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभ के लिए पंजीयन किए गए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा : आईईसी वैन आज नलखेड़ा का भ्रमण करेगी

नलखेड़ा। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आईईसी वैन जिले के नगरीय क्षेत्रों में 7 से 11 जनवरी तक भ्रमण करेगी। भ्रमण के दौरान नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा 8 जनवरी को सुसनेर एवं नलखेड़ा का भ्रमण करेगी, जहां प्रातः समय मिडिल स्कूल बस स्टेण्ड सुसनेर तथा दोपहर बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा में शिविर आयोजित होगा। 9 जनवरी को बड़ांगाव एवं बड़ौद का भ्रमण करेगी, जहां प्रातः समय नगर परिषद् बड़ागांव एवं दोपहर पश्चात जैन धर्मशाला बड़ौद में शिविर आयोजित होगा। 10 जनवरी को आगर का भ्रमण करेगी, जहां प्रातः समय पुरानी कृषि उपज मंडी आगर एवं दोपहर पश्चात छावनी झण्डा चौक आगर पर शिविर आयोजित होगा तथा 11 जनवरी को नगर परिषद् कानड़ अन्तर्गत गोंदी चौराहा कानड़ पर शिविर आयोजित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जाएगा, साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा।

## जिले के सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन नामावली का प्रारूप किया गया प्रकाशन

**नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान**

आगर-मालवा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। जिले के समस्त बीएलओ 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे।

### 13 और 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

### 22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

भाजपा कानड़ मंडल की बैठक रविवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में सम्पन्न हुई। मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र दरबार, सासंद प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, योगेश शर्मा दिनेश अंकल आदि के मार्गदर्शन में बैठक हुई। जिसमें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बारे में चर्चा की गई तथा इस दिन को उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव मद्देनजर बूथ स्तर तक की कार्ययोजना बनाई गई। मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा दयाराम खजुरिया ने जानकारी दी। इस अवसर पर धनसिंह, कमल सिंह,भगवान सिंह गुर्जर, सोनू परिहार, जीवन बीजापारी, रमेश माली, मोतीलाल यादव, बनेसिह चौहान, भवर मलडावदिया अंकुर शिंदे, संतोष शर्मा अरनिया, रोडसिंह भडका, शिवनारायण भिलाला,गोकुल मालवीय भडभूजी, शंकर सिंह कोलूखेड़ी, गोपाल गाजरिया,मनोहर सिंह, प्रेम सिंह रायपुरिया, सरपंच नारायण सिंह, पूर्व सरपंच गणपत सिंह, अंबाराम आर्य राधेश्यााम फौजी, मनीष ठाकुर, विक्रम ओढी,पप्पू फोजी, देवीसिह जस्साखेडी, मांगीलाल चौहान आदि कार्यकर्तागण मौजूद थे।



### महाराणा प्रताप बस्ती में निकली अक्षत कलश यात्रा

आगर मालवा। शहर में शनिवार को वार्ड क्रमांक 1 महाराणा प्रताप बस्ती में अयोध्या से आए अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बस्ती की मातृशक्ति भी उपस्थित थी कलश यात्रा शाम को अटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर बस्ती में प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः शिव मंदिर पहुची जहा पर सभी ने मिलकर अक्षत कलश कि आरती कर यात्रा का समापन किया। इस अवसर पर अतुल सिंह राजपूत,नितेश राजपूत, राजतिलक प्रजापति, देवकीनंदन शर्मा, अनूप सिंह परिहार, जितेंद्र अजमेरा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## कलेक्टर-एसपी ने रेन बसेरा में निवास करने की समझाइश देकर जरूरतमंदों को कंबल बांटे

आगर- मालवा। शहर में देर रात्रि नगर में भ्रमण कर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने फुटपाथ पर सोने वाले जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया । कलेक्टर एवं एसपी ने बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर भ्रमण कर फुटपाथ पर सोने वाले व्यक्तियों को कंबल का वितरण करने के साथ ही उन्हें रेन बसेरा में रहने की समझाइश दी। कलेक्टर ने नपा के अधिकारी को निर्देशित किया कि ठंड को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी व्यक्ति को



फुटपाथ पर नहीं सोने दिया जाए तथा उन्हें रेन बसेरा में रहने के लिए कहा जाए। रेन बसेरा में रहने वाले व्यक्तियों के लिए गर्म कंबल, बिस्तर आदि की व्यवस्था रखी जाए। इस दौरान एसडीएम सत्येंद्र बेरवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम धरोला में निकली अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम धरोला में रविवार को अक्षत कलश यात्रा निकली। ग्राम में घर - घर पूजन किया गया। रविवार को धरोला में बाबा नटकेश्वर महादेव मंदिर से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आए अभिमंत्रित अक्षत व कलश की भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष शामिल थे जो धर्मध्वजा लहराते चल रहे थे।



कलशयात्रा ग्राम के सम्पूर्ण मार्गो के साथ ही सेवा बस्ती से भी निकाली गई। फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित अक्षत कलश की सम्पूर्ण ग्राम में घर- घर पूजन की गई। सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण दिया गया। ढोल-ढमाकों के साथ निकली कलश यात्रा में युवाजन व महिलाये थिरतकते चल रहे थे। यात्रा सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण कर पुनः नटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहाँ समापन हुआ।

## एक दिन धूप खिलने के बाद फिर मौसम बिगड़ा, ठंडी हवाओं ने ठिठुराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लगभग एक सप्ताह बाद शनिवार दोपहर को धूप खिली थी, लेकिन रविवार को फिर मौसम बिगड़ गया और दिनभर बर्फीली हवाएं चलती रही जिसके कारण आमजन में ठिठुरन बढ़ गई। दिनभर अलाव जलते रहे।

नगर सहित क्षेत्र में लगातार एक सप्ताह तक धूप नही खिलने के बाद शनिवार दोपहर 12 बजे बाद



आसमान साफ होने पर धूप खिल गई थी। जिससे ऐसा लगने लगा था कि अब मौसम खुल जायेगा। लेकिन रविवार को फिर मौसम बिगड़ गया। प्रातः से ही बर्फीली हवाएं चलना प्रारम्भ हो गई। जिसके कारण पटरी पर आता जनजीवन एक बार फिर प्रभावित हो गया। बर्फीली हवाओं के कारण लोगों में ठिठुरन बढ़ गई। ऐसे मौसम में बाजार में भी आम दिनों की तुलना में सन्नाटा पसरा रहा। नागरिक बेहद आवश्यक कार्य के लिए ही घरों से बाहर निकले। रविवार को भी सूर्यदेव ने दर्शन नही दिए। बर्फीली हवाओं से बचने के लिए नगर में सुबह से रात तक स्थान-स्थान पर अलाव जलते रहे जहां नागरिक गर्मी प्राप्त करते रहे।

## नगर में श्रीराम-लक्ष्मण की निकाली शोभायात्रा



नलखेड़ा। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में राम लला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर सहित क्षेत्र में प्रतिदिन विभिन्न आयोजन जारी है। महिला मंडल द्वारा भगवान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमान जी के बाल स्वरूप बनाकर नगर के चौक बाजार से शिवाजी चौराहे तक चल समारोह निकाला गया। रविवार को नगर की महिला मंडल द्वारा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के चलते नगर में नित्य आयोजन किए जा रहे है उसी के तहत महिला मंडल द्वारा भगवान श्री राम का अलख जगाने व हर घर राम मय हो उसी का अलख जगाने को भगवान श्री राम लक्ष्मण व हनुमानजी के स्वरूप की झांकी बनाकर नगर के चौक बाजार से सरदार पटेल चौराहे स्थित संतोषी माता मंदिर तक चल समारोह निकाला गया। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भागा लिया गया। शोभायात्रा में महिलाये रामधुन एवं भजन गाते चल रही थी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शिवाजी चौराहे पर पहुंची जहाँ समापन हुआ। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर सहित क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में प्रतिदिन प्रभातफेरियां निकाली जा रही है। कई ग्रामों में कलश पूजन यात्राएं निकाली जा रही है।

### पशु चारा, भूसा जिले से बाहर निर्यात एवं ईंधन के रूप में उपयोग करना प्रतिबंधित

आगर मालवा। जिले के पशुधन के लिए चारा व भूसा की उपलब्धता बनाए रखने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के अतंर्गत आगर मालवा जिले से अन्य जिलों व राज्यों में चारा, भूसा का निर्यात एवं उद्योगों के बायलरों एवं ईंट,भट्टों में ईंधन के रूप में उपयोग करना कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेंद्र सिंह ने प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार किसी भी व्यक्ति या संस्थान द्वारा सुखला, घास, भूसा, कड़वी आदि सहित समस्त पशु चारा जिले के बाहर निर्यात नही किया जाएगा। साथ ही उद्योगों, फैक्ट्रीयों के बायलरो, ईंट भट्टी आदि में पशु चारा, भूसा का ईंधन के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्य से अधिक मूल्य पर किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं चारा, भूसा का कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने के लिए अनावश्यक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित रहेगा। ईधन उपयोगी भूसे का स्टॉक के लिए लायसेंसधारी उद्योग ही स्टॉक कर सकेगा, जिसको सुरक्षा की समस्त जवाबदारी संबंधित लायसेंसधारी की रहेगी एवं प्रतिबंधित अवधि में जिले के बाहर लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर गिरीराजजी को छप्पन भोग लगाया

# धरती पर प्रत्यक्ष भगवान हैं गिरीराज जी : प्रभुप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

श्री देवनारायण मंदिर देव डूंगरी, शिवगढ़ कानड़ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथा वाचक प्रभु प्रिया ने नंदोत्सव की कथा का वर्णन करते हुए धूमधाम से गोकुल में नंद बाबा के यहां कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। वासुदेव जी बच्चों की अदला बदली करके गए। किसी को पता ही नहीं चला, सबको ऐसा लगने लगा मानो यशोदा जी ने बालक को जन्म दिया है। हर्षोल्लास के साथ सबने नंद उत्सव मनाया। कथा में आगे उन्होंने बताया कि जब कंस को पता चला कि उसको मारने वाले ने ब्रज में अवतार ले लिया है तो कंस ने उस बालक को मारने करने के लिए पूतना को भेजा। 7 दिन के कृष्ण ने पूतना का वध किया। फिर भगवान शिव छोटे से बाल कृष्ण का





दर्शन करने आए और नंद बाबा से नंदेश्वर महादेव की स्थापना करने को कहा तथा गर्गाचार्यजी द्वारा कृष्ण बलराम का नामकरण हुआ।

कथा को विस्तार देते हुए कृष्ण की माखन चोरी लीला, मटकी फोड़ लीला का वर्णन किया। एक-एक करके कंस राक्षसों को भेजता गया उन सब का उद्धार कृष्ण करते हैं। कृष्ण का गौमाता से प्रेम एवं



कालियानाग उद्धार आदि प्रसंग को कथा वाचक के श्रीमुख से श्रोताओं ने आनंद के साथ कथा का आनन्द लिया। आगे चीरहरण की कथा सुनाते हुए फिर प्रभुप्रिया ने गोवर्धन लीला का वर्णन किया। कृष्ण का जो वास्तविक स्वरूप है वो गिरिराज जी ही है। धरती पर प्रत्यक्ष भगवान हैं श्रीगिरिराज। इंद्र का अहंकार दूर करने एवं अपने मूलस्वरूप से ब्रजवासियों को परिचित कराने के लिए कृष्ण ने ये गोवर्धन लीला की। श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला में कोई न कोई कारण छुपा होता है। कृष्ण लीला बड़ी विचित्र है इसको समझना हर किसी के बस की बात नहीं है। जो समझ जाता है उस पर भगवान की बड़ी विशेष कृपा होती है।

**खबर संक्षेप**

### विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**देवास।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय सचिव लोकेश विजयवर्गीय ने बताया कि अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के चुनाव काकरोली में 6 जनवरी को चुनाव अधिकारी कल्याणमल विजयवर्गीय रजि नं.220/1971-72/2002 के चुनाव संपन्न हुए जिसमें पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री रामबाबू विजयवर्गीय ने राकेश थली वाले जयपुर के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे चौथामल विजयवर्गीय ने समर्थन दिया। राकेश विजयवर्गीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर स्थानीय सभा अध्यक्ष मांगीलाल विजयवर्गीय, ओमप्रकाश विजयवर्गीय बोडानी, प्रहलाददास विजयवर्गीय ने बधाई दी।

### मजदूर सभा का 75 वां राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

**देवास।** हिन्द मजदूर सभा का 75 वां राष्ट्रीय अधिवेशन नागपुर में संपन्न हुआ। इसमें सम्पूर्ण भारत के कामरेड उपस्थित हुए। उक्त अयोजन में सीएनपी नासिक यूनियन के महामंत्री जगदीश गोडसे ने सम्पूर्ण नौ इकाईयों के ऊपर स्विस्तार पक्ष रखा। बैंक नोट प्रतिनिधियों ने प्रेस के लंबित मामलों को लेकर 10 पृष्ठों का पत्र प्रेषित किया जिसमें की कामगारों और पर्यवेक्षक की वेतन विसंगतियां, स्याही कारखाने से संबंधित जैसे मुद्दे शामिल थे।महामंत्री ओम प्रकाश यादव ने राष्ट्रीय महामंत्री से बैंक नोट प्रेस की सभी विसंगतियों के ऊपर चर्चा की। इस अवसर पर ईश्वर सिंह बारोड, प्रेम सिंह जाटव, कमल चौहान, चरण अहिरवार, विष्णु शर्मा, मनीष वर्मा द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्दू को मां चामुण्डा का चित्र भेंट किया।

## चापड़ा में हनुमान जी की झांकी के साथ निकाली भव्य अक्षत कलश यात्रा

# नगर के मुख्य मार्गों से निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत





पाटीदार समाज धर्मशाला से प्रारंभ हुई जो कि नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। नागरिकों ने किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर, सभी जगह पर अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रविवार के दिन नगर चापड़ा में एतिहासिक भव्य अक्षत कलश यात्रा का आयोजन हुआ।

यात्रा पाटीदार समाज धर्मशाला से प्रारंभ हुई जो कि नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। इस दौरान यात्रा में हनुमानजी के विशाल रूप में कलाकार द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई, जो कि पूरी यात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। पहली बार चापडा हनुमानजी के रूप में विशाल झांकी प्रस्तुत की गई। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। कलश को पालकी में रखकर नगर के सभी वरिष्ठजन व युवा पालकी को अपने कंधों पर उठाकर यात्रा में चल रहे थे।

यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बैंड बाजे ,डीजे के साथ यात्रा का आयोजन हुआ। इस यात्रा के माध्यम से संघ जिला कारवाह धर्मेंद्र सिंह सेंधव ने सभी से आग्रह भी किया की 22 जनवरी को अपने-अपने घर पर यह दीपक जलाएं और इसे उत्सव के रूप में मनाए। इस दौरान पूरा नगर भगवामय होकर श्री राम के जयकारों से गुज उठा। सभी युवा हाथों में श्री राम के ध्वज लेकर चल रहे थे।

आयोजन के दौरान चापड़ा चौराहे को श्री राम के भगवा ध्वज से दुल्हन की तरह सजाया गया। जहां पर भगवान श्री राम की तस्वीर भी लगाई गई। इस दौरान अक्षत कलश यात्रा के समापन अवसर पर पाटीदार समाज धर्मशाला में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के गौसवर्धन बोर्ड पुर्व उपाध्यक्ष नारायण व्यास द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अयोध्या राम मंदिर के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कलश यात्रा में आधा दर्जन से अधिक वाहनों पर भगवान श्री राम पर आधारित झांकियां बनाई गई जो की पूरी यात्रा में सम्मिलित रही। यात्रा का बागली रोड, इंदौर रोड सहित जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा सुबह 12:30 बजे प्रारंभ हुई, जिसका पाटीदार समाज धर्मशाला में कलश की आरती कर समापन किया गया। पूरा नगर श्री राम की भक्ति में लीन होता दिखाई दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी सम्मिलित हुई जो कि अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थी। इस दौरान सभी कारसेवकों का आयोजन कर्ताओ कि और से मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था संभाली गई। उक्त कार्यक्रम सभी हिंदू संगठन के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें सभी नगर वासियों का भरपूर सहयोग रहा।

# जय हिन्द सखी मंडल ने परीक्षा की तैयारियों पर बच्चों से की चर्चा

## नियमित पढ़ाई भय को करती है खत्म



**देवास।** परीक्षा की तैयारियों को लेकर चर्चा में शामिल हुए विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वर्तमान युग में पढ़ाई का बहुत अधिक महत्व है। पढ़ाई का तरीका अगल अगल हो सकता है पर नियमित पढ़ाई के मुद्दे पर हम सब एक मत हैं। नियमित पढ़ाई परीक्षा के भय को समाप्त कर देती है। नियमित पढ़ाई के लिए एक टाइमटेबल की आवश्यकता होती है।

टाइम टेबल अर्थात समय प्रबंधन। वैसे तो हमारा पूरा जीवन समय प्रबंधन की एक प्रयोगशाला है। जीवन की सफलता इसी पर निर्भर है। शैक्षणिक जीवन में परीक्षा तो एक पड़ाव मात्र है। यहां हमें रूकना नहीं है बल्कि एक नयी ऊर्जा के साथ अगले पड़ाव पर पहुंचना है। नियमित पढ़ाई से हमारे अंदर एक आत्म विश्वास स्वतः उत्पन्न हो जाता है। विषयों के साथ आत्म विश्वास की युगलबंदी शिखर छूने की गारंटी है। पढ़ाई का कोहरा इतना घना हो कि परीक्षा का भय दिखाई ही नही दे। परीक्षा में पूरे अंक लाने का प्रयास करना है।

हम प्रतिस्पर्धा सबसे करें पर पहले स्वयं से करें। परीक्षा के लिए तैयारी करते समय हम अन्य विषयों के साथ भाषा पर भी ध्यान दें। हिन्दी और अंग्रेजी में हमारा अनुभव है कि हमारे नम्बर कट जाते हैं। पूरे अंक लाने के लिए हमको व्याकरण पर ध्यान देना होगा। स्पेलिंग और मात्राओं का हम लिखकर अभ्यास करें। दोनों भाषाओं में हम पाठ को पूरा पढ़ें और कम से कम दो-तीन बार पढ़ें। इसका लाभ यह होता है कि यदि सटीक उत्तर लिखने में हम भ्रमित हो रहे हों तो पाठ की विषय वस्तु की जानकारी होने पर हम कुछ तो लिख ही सकते हैं।

अनसीन पैसेज में प्रश्न के शब्द जहां मिल रहे हों वही वाक्य उत्तर होता है। सामाजिक विज्ञान रटेंगे तो भूल जाएंगे। इतिहास को कहानी की तरह पढ़ें। भूगोल को नक्शे की सहायता से समझें। जीव विज्ञान की आत्मा उसके चित्र हैं। गणित का ताजमहल सूत्रों की नींव पर खड़ा होता है। जय हिन्द सखी मंडल द्वारा महर्षि पतंजली योग परिसर में आयोजित परीक्षा की तैयारी विषय पर उक्त विचार व्यक्त करते हुए 2022 की हाई स्कूल परीक्षा की जिला स्तरीय थर्ड टॉपर केशवी उपाध्याय ने कहा कि अभी से सुबह जल्दी उठने की आदत डाल लें। एक विद्यार्थी के लिए प्रातःकाल का समय प्रकृति का वरदान है। बहुत अच्छा याद होगा। एक पेपर होने के बाद उसके विश्लेषण में समय नष्ट न करें, अगले पेपर की तैयारी करें। इस अवसर पर वर्षा अंजना, राधा कुमावत, नैना गुजराती, तनुश्री विश्वकर्मा, हिना वाघमारे, शिवानी पंडित, अविका कुशवाह, शैफाली लोधी, अनुष्का साहा और तनु परमार सहित अनेक सखियां उपस्थित थीं। स्वागत वैशाली शर्मा ने किया। उद्देश्य स्नेहा ठाकुर ने बताए। संचालन जाह्नवी कुशवाह ने किया। आभार शबाना शाह ने व्यक्त किया।

# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिले के महाविद्यालयों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी 2024 के उपलक्ष्य में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस संदर्भ में के. पी.अग्रणी महाविद्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें के.पी. महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक, शासकीय कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, सांसद प्रतिनिधि नयन कानूनगो, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रतन सिंह अनारे, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बी. एस. जाधव, कन्या महाविद्यालय के डॉक्टर जी.डी.सोनी, विधि महाविद्यालय के डॉ आशीष ब्रज, डॉ सीमा सोनी डॉ राकेश कोटिया, प्रोफेसर निहारिका व्यास आदि उपस्थित थे।

जिले के सभी महाविद्यालयों में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा चयनित प्रतिभागियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी तथा विजेताओं को तीनों महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। सभी आयोजन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा किए जाएंगे। अंत में डॉ मनोज मालवीय ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी द्वारा महाविद्यालय में चल रही प्रकोष्ठ की गतिविधियों की जानकारी सभी को दी।

### मल्हार स्मृति में होगा दो दिवसीय कार्यक्रम

**देवास।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दिनांक 8 एवं 9 जनवरी को शाम 7:00 बजे मल्हार स्मृति मंदिर देवास मे उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रख्यात कलाकार यशपाल बावरा एवं साथी इंदौर, निशांत शर्मा एवं साथी मंदसौर द्वारा वादन प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। तृप्ति कुलकर्णी, इंदौर एवं सुलेखा भट्ट, इंदौर द्वारा शास्त्रीय गायन का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।अनुज प्रताप सिंह एवं साथी, ग्वालियर द्वारा ध्रुपद गायन तथा सत्येंद्र सोलंकी एवं साथी, भोपाल द्वारा संतुर वादन का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

# एएसआई की पत्नी को दिया बीमा राशि का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




5 जनवरी 2024 को पुलिस नियंत्रण कक्ष देवास में एक औपचारिक समारोह में एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय देवास के क्षेत्रीय प्रबंधक गोविंद प्रसाद सिन्हा और पुलिस अधीक्षक देवास संपत उपाध्याय ने स्वर्गीय रामजश शर्मा ,सहायक उप निरीक्षक पुलिस, जो पुलिस स्टेशन नेमावर, जिला देवास में पदस्थ थे, की पत्नी श्रीमती साधना शर्मा को 30.00 लाख राशि का चेक सौंपा। स्वर्गीय रामजश शर्मा का एसबीआई खातेगांव शाखा में पुलिस सैलरी पैकेज खाता था, जो खाताधारकों को बीमा सुविधा प्रदान करता है। यह चेक शोक संतप्त परिवार को बीमा दावा राशि के रूप में दिया गया। समारोह में एसबीआई बैंक पॉइंट देवास के शाखा प्रमुख, एजीएम मुकेश शर्मा और मुख्य प्रबंधक एसबीडी आनंद कुमार भी उपस्थित थे और उन्होंने स्वर्गीय रामजश शर्मा के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। समारोह में कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, एसबीआई अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# समाज प्रगति सहयोग संस्था का पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर हुआ अनूठा आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली


बरझाई घाट पर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु जनजागरण व जन चेतना के उद्देश्य से बागली व पुंजापुर प्रगति समिति के संयुक्त तत्वावधान में समाज प्रगति सहयोग संस्था बागली के मार्गदर्शन व संरक्षण में पर्यावरण पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी, फिल्म प्रदर्शन, बाल कलाकार की चित्रकला तथा डिण्डोरी से आए गौंड कलाकारो की चित्रकला का प्रशंसनीय आयोजन संस्था के संस्थापक आदरणीय ₹मां और बाबा₹ तथा स्थानीय प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में बरझाई घाट पर रखा गया। संस्था के शोभित जैन, निवेदिता दीदी,रवि , मुरली खराडीया, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता संदीप भाटी, इकबाल खान, धर्मेन्द्र राजावत, आजाद सिंह सहित पुरी एस पी एस टीम का प्रयास सराहनीय रहा।

बड़ी संख्या में विधार्थीयो, शिक्षक साथियों,आम जनमानस के साथ कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे ,अभिव्यक्ति मंच संरक्षक प्रवीण चौधरी , सचिव वारिस अली, मातृशक्ति स्वयं सहायता समूह अध्यक्ष संध्या शिवहरे, गीता चौधरी, शोभा सिसोदिया आदि भी उपस्थित रहे। मंच की ओर से इस अनूठे प्रयास पर त्वरित टिप्पणी ₹₹अब उजड़े चमन में भी बहार आएगी, जब जंगल में बैठकर जंगल की बात की जाएगी। लिखित रूप से निवेदिता दीदी को संरक्षक व सचिव द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप कैमरे में मौखिक इंटरव्यू के साथ भेंट की।

## आराध्य देव भगवान राम का स्वागत करने मनाएंगे दीपावली

# 22 जनवरी के दिन अवकाश हो घोषित: पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



500 सालों से भी अधिक के संघर्ष और बलिदानों के बाद प्रभु श्रीराम पवित्र नगरी अयोध्या के अपने यथास्थान पर विराजित होंगे। शायद यह शताब्दी का सबसे बड़ा उल्लास का दिन एवं उत्सव का कारण होगा। सामाजिक कार्यकर्ता और देवास के प्रथम फोटोग्राफर और आर्टिस्ट स्व गणपत राव पवार के पौते अमितराव पवार ने कहा, कि त्रेतायुग में भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के प्रश्चात अपने घर अयोध्या पधारे थे। तब उनके आतुर में नगरवासियों ने दीपोत्सव मनाकर उनका स्वागत किया था। अब दोबारा हमें हमारे पूर्वजों ने यह अवसर अपने संघर्ष और बलिदानों से दिखाया है। हम वर्तमान पीढ़ी भाग्यशाली है।

यह दिन 22 जनवरी 2024 को अपने आराध्य का स्वागत कर दीपावली एक बार पुनःमनाएं। संपूर्ण भारत में वर्ष 1990-92 के समय एक उद्घोष गूंजायमान हुआ था। ₹सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनाएंगे।₹ यह वह दौर था,जब पूरे भारतवर्ष से अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के लिए अलग-अलग स्थान से एक आंदोलन के लिए लाखों लोग पवित्र अयोध्या नगरी के उस स्थान पर पहुंचे,जहां प्रभु राम का जन्म स्थान है। हम उस समय का किस्सा आज भी किसी कार सेवक से सुनते हैं,तो कहा जाता है, कि वे लोग भाग्यशाली थे, जो श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रथम चरण 30 अक्टूबर तथा आंदोलन का दूसरा चरण 2 नवंबर 1990 में अयोध्या के उस स्थान पर पहुंचने में कामयाब हुए, जहां आंदोलन का केंद्र था। इसी दौरान कोठारी बंधुओं की शहादत हुई। यह घटनाक्रम फिर 6 दिसंबर 1992 को हुआ जिसमें विवादित ढांचे को कार सेवकों द्वारा ढहा दिया गया। उस स्थान के समीप पहुंच गए,वे लाखों लोगों में से किस्मत वाले थे। बहुत से लोगों को पवित्र अयोध्या नगरी की सीमा के बाहर सैकड़ों किलोमीटर दूर ही रोक दिया गया या गिरफ्तार कर लिया गया था। पूरे देशभर में इस दौरान एक भयभीत करने वाला माहौल तत्कालीन परिस्थितियों के कारण देखने को मिला था। उस समय के अनेक लोग मृत्यु को प्राप्त हो गए,जो जीवित है, अब उन्हें अपने साहस व हिम्मत के योगदान के बल पर या यूं कहें कि जिस तरह रामसेतु निर्माण में गिलहरी का योगदान था,उसी प्रकार के उन लाखों लोगों के योगदान के सहयोग से भव्य मंदिर प्रभु श्रीराम का बनते दिख रहा है।जिसका सपना 22 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। पूरा विश्व इस दिन के लिए आतुर है।

500 वर्षों से भी अधिक समय तक हिंदू समाज ने श्री रामलला के जन्म स्थान के लिए संघर्ष किया व हजारों से भी अधिक लोगों ने इस पुण्य आंदोलन में अपने प्राणों की आहुतियां दी।इस संघर्ष की गाथा और इतिहास को और अधिक अच्छे से युवा पीढ़ी जान सके इसके लिए इस दिन सरकारी, गैर सरकारी शैक्षिक संस्थाओं, शासकीय महाविद्यालय, अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय में अवकाश घोषित होना चाहिए जिससे विद्यार्थी एवं युवा वर्ग अपने परिवार के साथ इस दिन को हर्षोल्लास के साथ मना पाए और युवा वर्ग जान सके, कि हमारे पूर्वजों के परिश्रम से आज हम भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को देख पा रहे हैं। अमित राव पवार ने शासन-प्रशासन से निवेदन किया है,कि इस दिन अवकाश घोषित करें।

# अल्प प्रवास पर बागली पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाज जन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



रविवार को अल्प प्रवास पर बागली के विश्रामगृह पर अखिल बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार पहुँचे। जहां पर उनका स्वागत पार्षद अमित धुलिये के नेतृत्व में किया गया। जंहा अनुसूचित जाति वर्ग से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। परमार ने अपने उद्बोधन में कहा की अनुसूचित जाति वर्ग सनातन धर्म से जुड़ा हुआ वर्ग है, जिस प्रकार से पानी को कभी काट के अलग नहीं किया जा सकता, इसी प्रकार से सनातन धर्म के सबसे बड़े वर्ग को भी कभी अलग नहीं किया जा सकता। जातियों में बाटकर धर्म को क्षति पहुंचाने का जो काम हुआ है वह 22 जनवरी राम जन्मोत्सव के पश्चात कभी नही होगा। परमार ने तीन मूल मंत्र बताएं शिक्षा, संघर्ष और संगठन, इसी के अनुरूप ही समाज के अस्तित्व को निखारा जा सकता है। किसी भी समाज में शिक्षा बड़ी ही महत्वपूर्ण होती है जो की समाज को आर्थिक और विकसित बनाने के लिए सहायक होती है।इस कार्यक्रम में उपस्थित धर्मेंद्र सोलंकी, त्रिलोक परमार, राधेश्याम टाटिया, सुभाष मालवीय, रामप्रसाद ,जीवन जाटव ,किशोर गुजराती, राहुल बघेल, सतीश मालवीय, सरदार सोलंकी, संतोष डोरिया, रामचंद्र सरपंच, जितेंद्र मालवीय, एवं बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति वर्ग के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बागली नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने नगर की ओर से परमार का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

**खबर संक्षेप**

## जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**आष्टा।** न्यायालय परिसर आष्टा में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के द्वारा न्यायालय प्रांगण आष्टा में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री चौबे द्वारा बताया गया कि एडीआर या वैकल्पिक विवाद समाधान शब्द विवादों को सुलझाने के लिए अपनाई गई अदालत से बाहर की किसी भी प्रक्रिया को दर्शाता है। सुलह एडीआर की एक लचीली और अनौपचारिक प्रक्रिया है। जहां विवादित पक्ष एक या एक से अधिक सुलहकर्ताओं की सहायता से अपने विवादों को सुलझाते हैं जो निष्पक्ष तरीके से कार्य करते हैं और एक सौहार्दपूर्ण समाधान तक पहुंचने में पक्षों की सहायता करते हैं। एक मध्यस्थ की तुलना में एक सुलहकर्ता की कार्रवाई के किसी भी चरण में निपटान के लिए प्रस्ताव बनाकर पक्षों को एक समझौते पर पहुंचने के लिए राजी करने में अधिक सक्रिय होता है। इस अवसर पर न्यायाधीश वंदना त्रिपाठी, न्यायाधीश ऋचा सिंह राजावत, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### श्री राम कथा के छठवें दिन हुआ श्री राम जानकी विवाह का आयोजन, अंतिम दिवस दी गई गुरु दीक्षा

# विनम्रता के साथ जो व्यक्ति कदम बढ़ाते हैं वह जीत जाते हैं जो घमंड से कदम बढ़ाते हैं, वह हार जाते हैं: गोविंद जाने








**शीत लहर होने के बाद भी पंडाल कम पड़ गया। संत श्री ने राम जानकी विवाह पर प्रकाश डाला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संत श्री गोविंद जाने की के मुखारविंद से चल रही आष्टा नगर में श्री राम कथा के छठवें दिवस पर भारी संख्या में धर्म लाभ अमृत में रसपान के श्रद्धालु श्रोताओं का भारी जमावड़ा कथा पंडाल में पहुंचा और छठवें दिन लगातार पंडाल बढ़ाने और शीत लहर होने के बाद भी पंडाल कम पड़ गया। संत श्री ने राम जानकी विवाह पर प्रकाश डाला। अच्छा बोलना अच्छा देखना अच्छा कार्य करना यह आपकी कल नहीं है यह भगवान की दया दृष्टि से आपको विवेक मिला है। किसी का अहित होना आपकी खुशहाली से जुड़ा है तो आपकी खुशी निरर्थक है। बुरे खान पान गलत वाणी लोभ लालच का त्याग करना ही संन्यास कहलाता है।

यह तेरा यह मेरा इन सब को छोड़कर अगर राम को अंतःकरण से याद करोगे जिस दिन आपने गोपाल को अपना बना लिया छोटी वाणी गलत खान पान ईर्ष्या का त्याग कर दोगे उसे दिन प्रभु के करीब पहुंच जाओगे। प्रार्थना पाठशाला या संत नहीं सिखाता है। जिस प्रकार एक छोटा बच्चा अपनी मां को देखकर ललाहित होता है और वह उसके भाव को समझ जाती है। ठीक इस प्रकार आपका प्रभु के प्रति लगन ही आपकी सच्ची प्रार्थना है। तन का स्नान तो हम घर पर भी कर सकते हैं परंतु गंगा जमुना काशी में नहाने से जो प्रार्थना करता है मां हमारे अंदर छुपी बुराइयों का त्याग



कर। इस जल में समाहित कर देना और हम अच्छे इंसान बने ऐसी मती देना। उदयांचल पर्वत के समान बने हुए विशाल मंच पर श्रीरामचन्द्र जी के रूप में बाल सूर्य के उदित होते ही सभी संत रूपी कमल खिल उठे हैं। और नेत्ररूपी भंवरे हर्षित हो उठे हैं। भाव यह है कि मंच पर रामचंद्र जी के चढ़ते ही महफ़िल में बैठे सभी सज्जन व्यक्ति अत्यधिक प्रसन्न हो जाते हैं।

विश्वास विनम्रता प्रणाम साहस के साथ जो व्यक्ति कदम बढ़ाते हैं वह जीत जाते हैं और जो घमंड से कदम बढ़ाते हैं वह हार जाते हैं। जा पर कृपा राम की होई, ता पर कृपा करहिं सब कोई। जिनके कपट, दम्भ नहिं माया, तिनके ह्रदय बसहु रघुराया। कपट, दम्भ और माया से परे है, वो ही भगवान श्री राम के कृपा पात्र है और जिन पर राम की कृपा है उन्हें कई सांसारिक दुःख छू तक नहीं सकता। परमात्मा जिस पर कृपा कर देते है उस पर तो सभी की कृपा अपने आप होने लगती है । इस अवसर पर समिति के अनोखीलाल खंडेलवाल, सिहोर विधायक की धर्म पत्नी अरुणा सुदेश राय, विधायक गोपाल इंजिनियर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनु गुणवान, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, नपा प्रतिनिधी रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व जनपद अध्यक्ष बल बहादुर सिंह ठाकुर, सोभाल सिंह मुगली, व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रुपेश राठौर,कृपाल पटाडा, सरपंच राजेंद्र पटेरिया, राजेंद्र गुणवान,राजा पारख, कमल ताम्रकार, डॉक्टर रतन सिंह ठाकुर, अरविन्द मेवाड़ा, शंकर मंदिर पुजारी गिरी महाराज, पंडित राजेश्वर बाबा,चेतन ठाकुर सेमलीबारी,डॉ मनोज नागर ,बंटी मेवाडा , चेतन सिंह ठाकुर, चेतन वर्मा, जुगल पटेल,राजा मेवाडा, चन्दर ठेकेदार, जटाल सिंह,नानूराम मेवाडा, विजय खंडेलवाल,अतुल शर्मा,सोनू गुणवान, हरेंद्र ठाकुर, अजब सिंह राजपूत, रवि शर्मा, जीतेंद्र सिलोटिया, देवराज परमार, महादेव महिला मंडल के संध्या बजाज, भगवती सोनी सहित सेकडो भक्त मोजूद रहे।

## रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन सिविल अस्पताल आष्टा में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियरिंग की अध्यक्षता में की गई। जिसने अध्यक्ष द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पमाला के साथ द्वीपप्रवच्लन किया गया।

साथ ही समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा विधायक के साथ साथ सहायक कलेक्टर महोदय, अनुविभागीय अधिकारी, एवम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओ का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। उसके उपरांत विधायक द्वारा अस्पताल में बेहतर स्वस्थ सेवाओं में एजाफाँ व अस्पताल में अवश्यक सामग्री के प्रबंधन के लिये दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, हरेंद्र ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, रतन सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, अस्पताल के समस्त चिकित्सकगण, स्टाफ आदि उपस्थित रहे। बैठक उपरांत विधायक द्वारा समस्त गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी के साथ पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया गया, एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### विधायक के प्रयासों से विधानसभा को मिली सौगातें

**आष्टा।** कोठरी नगर एवम् भंवरा में सीएम राइज स्कूलो से क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का धन्यवाद ज्ञापित करने वालो में भाजपा कोठरी मंडल अध्यक्ष रूपेश जगदीश पटेल, देव जी पटेल, युवराज सिंह,ललित धारवां, सुनिल केलीया, टूम्मान पटेल,सुनिल परमार, एलाम सिंह, दशरथ सिंह राजपूत प्रेम मेवाडा नेता जी गोकुल प्रसाद मेवाडा, रमेश मालवीय, कैलाश चंद्र पटेल, देवराज पटेल, जगदीश मेवाडा, राजकुमार पटेल, अंकित तोमर जितेन्द्र गोयल आदि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवम्कार्यकर्ताओ ने माननीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया।

## हर घर यज्ञ अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में परोपकार संत सेवा समिति के राजेश गुप्ता ने बताया सभी सदस्यों ने ईश्वरी प्रेरणा से यह संकल्प लिया है 1 जनवरी 2024 तारीख से निरंतर 22 तारीख तक प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में यज्ञ किया जाना है जिसके रक्षक स्वयं श्री राम होंगे यज्ञ श्रृंखला की शुरुआत 1 जनवरी से की गई जो निरंतर 22 जनवरी तक निरंतर चलाई जाएगी साथ ही जनमानस से अपील आप भी अपने घरो में यज्ञ करेंदिनांक 1/1/2024 से अभी तक चल रही यज्ञ श्रृंखला मैं सहयोग करने वाले सौभाग्यशाली प्रिय जनों में प्रेम नारायण जायसवाल, राकेश कुशवाहा, हरिओम कटारिया, चंचल मोटवानी, अजय कटारिया, दिनेश परमार, मुकेश तांबेकर, किशोरी लाल कुशवाहा, राजेश वर्मा, राजेश गुप्ता आदि परोपकार संत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अजय कटारिया के घर पहुंच कर यज्ञ पूर्ण किया।

## सकल हिंदू समाज ने किया संत और व्यवस्था करने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मैं ब्राह्मण, तुम मेवाड़ा, वह वर्मा यह सब छोड़ोहिंदुओ एक हो जाओ सिर्फ हिंदू, आज समय है राम के वंशज हो, राम बनो उनके आदर्शो पर चलो। उक्त वचन नगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय राम कथा के दौरान मालव माटी के प्रदेश प्रसिद्ध संत अपनी मालवी भाषा के लिए पहचाने जाने वाले गोविंद जाने ने अपने पांचवें दिन के प्रवचन दौरान कही। संत श्री ने पधारे सभी सकल समाज के अध्यक्षों, समाज जनों से अपील की हर घर से एक बच्चा बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आरएसएस, ओर भी जो संगठन समाज के लिए काम कर रहे हैं समर्पित कर दे। आज सकल हिंदू समाज ने संत श्री का साफा एवं शाल भेंट कर सम्मान किया। सकल हिंदू समाज की ओर से अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सुरेश सुराना, मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, पत्रकार राजीव गुप्ता, जितेंद्र भामा, बाबूलाल बिल्लौर, महेश जाट, सुधीर मेहलवार पप्पू रैकवार, गोपाल पांचाल, निर्मल बैरागी उपस्थित थे। सभी ने गुरुदेव का स्वागत किया। गुरुदेव के साथ महादेव महिला मंडल आष्टा की महिलाए जिन्होंने पूरी कथा में अपना विशेष सहयोग दिया है भगवती सोनी, संध्या बजाज, विनीता महेश्वरीटीना पांचाल, मंजू राठौर, कल्पना परमार और आयोजक टीम मनोज नगर, विजय खंडेलवाल, जुगल पटेल, बंटी मेवाड़ा, चेतन वर्मा, चेतन ठाकुर सेमली बारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं भी स्वागत किया गया।

## चल रहा एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन और कंपिंग थैरेपी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आज के युग में हर व्यक्ति किसी भी समस्या का निदान त्वरित चाहते है, विशेषकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ।लेकिन बिना दवा एवं बिना ऑपरेशन के कई रोगों का उपचार एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन एवं कपिंग थेरेपी के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे शिविर का लाभ रोगी व्यक्तियों को अवश्य लेना चाहिए। खुशी इस बात की है कि ऐसे शिविर आयोजित करने में दिगंबर जैन समाज सदैव तत्पर रहता है। उक्त बातें नगर के अरिहंत पुरम दिगंबर जैन मंदिर के सामने संत निवास में आयोजित सात दिवसीय एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन एवं कपिंग थेरेपी शिविर के शुभारंभ अवसर पर दिगंबर जैन समाज के संरक्षक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष धनरुपमल जैन ने कहीं।श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम अलीपुर मंदिर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन अमलाह, राजेंद्र जैन ने बताया कि श्री दिगंबर जैन समाज आष्टा के तत्वाधान में 5 जनवरी से 11 जनवरी तक संत निवास जैन मंदिर के सामने अरिहंतपुरम अलीपुर में एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन व कपिंग थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय रजिस्ट्रेशन का शुल्क मात्र 100 रुपए रखा गया है ।सुबह 9 से दोपहर 1बजे तक एवं सायं 4 से 8 बजे तक यह शिविर संचालित होगा। शिविर का शुभारंभ अवसर पर भिन्न रोगों के मरीज शिविर में पहुंचे और अपना पंजीयन करा कर उपचार प्रारंभ कराया। धर्मेंद्र जैन ने बताया कि इस शिविर में एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट पी आर जाखड़ जोधपुर राजस्थान तथा एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट विशाल कुमार राजस्थान के अपनी सेवाएं देंगे। बिना औषधि रोगों का उपचार थेरेपी के माध्यम से कर रहे हैं। जिसमें पुराना सरदर्द, साइटिका, घुटनों का दर्द, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, बच्चों को नींद में पेशाब आना, लकवा पैरालिसिस, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट रोग, आंख ,नाक - कान, गला रोग, हाथ पैरों में थकान या सुन्नपन आने का उपचार किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर समाज के संरक्षक धनरुपमल जैन, सुरेश जैन,इंदरमल जैन,आशिष जैन, प्रमोद जैन, धर्मेंद्र जैन आदि उपस्थित थे। शिविर में करीब 40-50 लोगों ने पहुंचकर अपना उपचार प्रारंभ कराया।

## दिन भर छाया रहा कोहरा, नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन, जलते रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर व क्षेत्र में पांच दिन से कोल्ड डे चल रहा है। इसके चलते शुक्रवार को दिन का पारा 16 डिग्री तक जरूर पहुंचा लेकिन न्यूनतम तापमान 11 से घटकर 9 डिग्री पर पहुंच गया। रात के पारे में गिरावट के कारण दिनभर सर्द हवाएं तेज हो गईं। मौसम विभाग वाले की मानें तो 6 जनवरी तक चटक धूप निकलने के आसार नहीं हैं।

शनिवार को भी दिन में अलाव का सहारा लेना पड़ा। आष्टा में सर्द हवाओं का प्रकोप जारी है। कोहरा के कारण पूरे दिन धूप नहीं निकली। शुक्रवार को लगातार पांचवां दिन कोल्ड डे रहा। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार शनिवार तक कोहरे का असर रहेगा। इस कारण धूप निकलने की उम्मीद नहीं है। इससे फसलों में नुकसान की स्थिति बन सकती है।

मौसम में परिवर्तन के कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में अंतर दर्ज किया गया। साल बदलने के साथ ही मौसम भी रोज अपना मिजाज बदल रहा है। गुरुवार सुबह-सुबह और रात में भी बूंदाबांदी हुई। यही स्थिति शुक्रवार को भी रही। सुबह से कोहरा छाया, जो दिनभर बना रहा। इसके बाद भी दिनभर बादलों की उपस्थिति के चलते धुंधलका छाया रहा। पूरा दिन सूरज नहीं निकला। इसका असर यह रहा कि दिन का तापमान 2 डिग्री गिर गया, जबकि रात का तापमान आधा डिग्री बढ़ गया।

### हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# लगाया आरोप: नहीं हो रहा शासन के आदेश का पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में मांस-मछली की खुले में बिक्री करने पर रोक लगाने एवं ध्वनी विस्तारक यंत्रों को धार्मिक स्थलों से भी उतरवाने का आदेश जारी किया है। इसके बाद पूरे प्रदेश में खुले में चल रही मांस- मटन दुकानों को बंद कराया गया है ,लेकिन नगर के कन्नौद रोड पर हरी नेट के पीछे मांस-मछली की दुकानें लगाई जा रही है। एक समुदाय द्वारा अपने धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। जबकि दूसरे समुदाय द्वारा अपने धार्मिक स्थलों से निर्देश होते ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उतार लिया गया है। उक्त मामलों को लेकर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट सहित सकल समाज के अध्यक्षों की उपस्थिति में एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार चंचल जैन को सौंपा गया। हिंदुत्व समिति का अध्यक्ष कालू भट्ट एवं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया कि नगर के रहवासी क्षेत्र में तथा स्कूल और कॉलेज के समीप शासकीय भूमि से मांस -मटन और अंडों की बिक्री हो रही है। शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के समीप शासकीय भूमि पर गुमटी पर मांस -मटन हरी नेट लगाकर बेचा जा रहा है। यही स्थिति नगर के अन्य प्रमुख मार्गो पर है।अंडे के ठेले भी लग रहे हैं, उन्हें हटवाया जाएं। तथा एक समुदाय द्वारा अपने धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को नहीं उतारे गए हैं, उन्हें हटवाया जाए, नहीं तो दूसरे समाज को भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने दिया जाए। मांस-मछली की दुकानें खुले में संचालित हो रही है। खुले में मांस मछली की बिक्री होने से इससे आने वाली बदबू से लोगों को परेशानी होती है। कालू भट्ट और रुपेश राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश पर अमल कराया जाए। अब तक खुले में ही हरी नेट की आड़ में मांस-मछली की बिक्री हो रही है। ज्ञापन सौंपते समय काफी संख्या में सकल समाज के लोग उपस्थित थे।

## गड़बड़ी करने वाले के साथ सख्ती से निपटेंगे : मंत्री करण सिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सरकार सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी हमारी टीम है। हम राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों और आम नागरिकों के कल्याण के लिए कार्य करेंगे। मंत्री वर्मा ने मंत्रालय में विभागीय कार्य प्रारंभ करने बाद अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। मंत्री वर्मा ने मंत्रालय में भ्रष्टाचार के एक प्रकरण में अभियोजन की स्वीकृति प्रदान कर कार्य की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि मैंने आज भ्रष्टाचार के प्रकरण में अभियोजन की स्वीकृति देकर कार्य शुरू किया है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन देने के लिए हम कृतसंकल्प है। मंत्री वर्मा ने कहा कि मैं स्वयं ईमानदारी से कार्य करता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि अधिकारी कर्मचारी भी पूरी ईमानदारी से निष्ठापूर्वक कर्त्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपना कार्य ईमानदारी से करें। मैंने पहली फाइल में भ्रष्टाचारी को दंडित करने की कार्यवाही करने की स्वीकृति देकर स्पष्ट संदेश दिया है।मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम विकास पथ पर आगे बड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें राजस्व मंत्री के रूप में दी गई जिम्मेदारी को वह बेहतर ढंग से पूरा करेंगे और उनसे की गई अपेक्षाओं पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### हाइवे किनारे पसरे अतिक्रमण हटाने पर दुकानदारों के साथ परिजनों ने दिया धरना

# अतिक्रमण में हटाए गए लोगों की उचित व्यवस्था की जाएगी : पंवार





ब्यावरा के फुंदा मार्केट में प्रशासन ने कल हटाई थी सैकड़ों दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर से हाइवे द्वारा निकाले गए बायपास पर वर्षों से अपना छोटा-छोटा रोजगार कर जीवनयापन कर रहे दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर विरोध बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जिसके बचाव में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी एवं पुरूषोत्तम दांगी ने आकर दुकानदारों के हित में अपनी बातें रखी परंतु प्रशासन ने दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र होने की बजह से अवैध अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमण में हटाए गए लोगों के प्रति मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री ने अतिक्रमण में हटाए गए लोगों की उचित व्यवस्था कराए जाने की बात कही है। वहीं ब्यावरा एसडीएम गीतांजली शर्मा ने धरने पर बैठे दुकानदारों और उनके परिजनों से बात कर उन्हें मंत्री पंवार की सहानुभूति पूर्ण बात से अवगत कराया, परंतु अतिक्रमणकारी अपनी बात पर अड़े रहे।

#### दुकानदारों ने प्रशासन पर लगाए द्वेष पूर्ण कार्रवाई के आरोप

दुकानदारों ने प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को द्वेष पूर्व बताते हुए एक तरफा बताया। धरने पर बैठे कई युवाओं ने इसको रोजगार से जोड़कर बताया और प्रशासन पर बेराजगार करने का आरोप लगाया।

**इनका कहना है...**

पिछले 7 दिनों से मुनादी कराई जा रही थी फिर भी दुकानदार अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं। दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण हाइवे के किनारे अतिक्रमण सुरक्षित नहीं है, इसलिए कार्रवाई की जा रही है।

**गीतांजली शर्मा, एसडीएम ब्यावरा**

# चौकीदार की मिलीभगत से हुई थी खोयरी महादेव मंदिर में चोरी

### कोतवाली पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत दिवस नगर के प्राचीनतम खोयरी महादेव मंदिर में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। यह चोरी मंदिर के ही चौकीदार की मिलीगत से तीन चोरों ने मिलकर की थी। पुलिस ने तीनों चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनसे दानपेटी से चुराई गई राषि भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर खोयरी महादेव मंदिर की दो दानपेटियों का ताला तोड़कर चढ़ावे की राशि चुरा ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी चेक किए जिनके आधार पर मंदिर में नियुक्त चौकीदार चैनसिंह भील पर संदेह गया था। टीआई वीरसिंह ठाकुर ने बताया कि चौकीदार से पूछताछ शुरू की गई लेकिन वो लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सच कबूल कर लिया। उसने बताया कि जूनापानी निवासी ललित भील, बजेसिंह भील एवं अमरसिंह भील के साथ मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया गया था।


रात्रि में दो दानपेटियों के ताले तोड़कर निकाली दानराशि

सीसीटीवी से पड़ताल में लगी पुलिस, चार ने मिलकर की वारदात

चोरों के निशाने पर मंदिर, अब खोयरी महादेव की दानपेटियां तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बीते कुछ महीनों से मुख्यालय के मंदिरों को चोर लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। चोरों ने इस बार नगर के प्राचीन खोयरी महादेव मंदिर में वारदात को अंजाम दिया है। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात्रि चोर मंदिर परिसर एवं गर्भगृह में रखी 2 दानपेटियों के ताले तोड़कर दानराशि सहित अन्य कुछ सामान चुरा ले गए। सुबह मंदिर के चौकीदार ने चोरी की सूचना पुजारी उमेष शर्मा के घर पहुंचकर दी। बाद में पुजारी सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी किस्सू कोसरवाल, मुकेश विजयवर्गीय व अन्य कोतवाली थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। सूचना के बाद पुलिस मंदिर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ साल पूर्व भी खोयरी महादेव मंदिर परिसर स्थित सामुदायिक भवन में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था।

पेटी को पानी की टंकी के पीछे ले जाकर चटकाया ताला

खोयरी महादेव मंदिर के गर्भगृह के आगे हॉल में एक बड़ी दानपेटी पिलर के पास रखी थी। चोर इस पेटी को हाथों से खसकाते हुए मंदिर के पीछे बनी पानी की टंकी के यहां ले गए और ताले तोड़कर पूरा चढ़ावा निकाल लिया। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में रखी एक अन्य दानपेटी को भी अपने साथ ले गए और थोड़ा आगे पहाड़ी पर उस पेटी का का ताला तोड़कर रुपए-पैसे निकालकर पेटी वहीं फेंक गए। बाद में पुलिस की खोजबीन में टूटे ताले समेत यह पेटी वहां पड़ी हुई मिली।

डेढ़ वर्ष पूर्व 14 पंखे हुए थे चोरी

खोयरी मंदिर परिसर में ही एक सामुदायिक हॉल है जहां विभिन्न कार्यक्रम आदि होते हैं। करीब डेढ़ साल पहले इस हॉल की छत पर लगे 14 पंखों को चोर निकालकर ले गए थे। चोरों ने बाकायदा पंखों के नटबोल्ट खोलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस चोरी का भी आज तक पता नहीं चल पाया है।

सीसीटीवी में नजर आ रहे चोर लोग

मंदिर परिसर में लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू की है। सीसीटीवी में रात्रि करीब 12 बजे के लगभग, चार चोर नजर आ रहे हैं। पिलर के समीप रखी दानपेटी के समीप उनकी परछाई भी नजर आई पर चेहरे स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं।

सीसीटीवी से सुराग लगे हैं

सीसीटीवी से कुछ सुराग लगे है। चौकीदार से भी पूछताछ कर रहे है। जल्द चोरी का पता चल जाएगा।

- वीरसिंह ठाकुर, टीआई कोतवाली, राजगढ़

#### पुलिस ने बरामद की चोरी की राशि

पुलिस ने बताया कि चोरों को दोनों दानपेटियों से 2150 रुपए मिले थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई राशि बरामद कर ली है। पुलिस की इस सफलता में टीआई सहित समीर खान, जैलसिंह, दिनेश गुर्जर, राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, शशांक, खेमेंद्र, ललित तोमर, गोपाल की भूमिका रही। टीआई ठाकुर ने बताया कि नगर के अन्य मंदिरों में हुई चोरी के संबंध में भी जांच-पड़ताल जारी है। जल्द उन चोरियों का भी खुलासा किया जाएगा।

## भगवान श्रीराम ने समाज को मर्यादा में रहकर दिशा देने का काम किया : राज्यमंत्री टेटवाल




**सारंगपुर।** भगवान श्रीराम मात्र सनातनियों के ही नहीं अपितु पूरे मानव मात्र के हैं। उन्होंने मर्यादा में रहकर समाज को दिशा देने का कार्य किया है। यह बात शनिवार को ब्लॉक कॉलोनी में सेवा सदन के नाम से विधायक कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने कही। उन्होंने कहा कि 500 साल के बाद 22 जनवरी को ऐसा अवसर आया है जब समग्र हिंदू समाज दीपावली मनाएगा 22 जनवरी को सभी अपने-अपने मंदिरों तथा घरों की साफ सफाई कर रंग रोगन कर घरों के तथा मंदिरों के सामने रंगोली बनाकर दीपमाला तथा फूल एवं पत्तों के तोरण बनाकर सजाएंगे तथा जब 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजित होंगे तब आतिशबाजी कर दीपक जलाकर हम सभी उत्सव मनाएं।

# अधिकारी नियम कम बताएं काम ज्यादा करें : विधायक

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कुरावर, विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के करीब साइज क्या है सेकंडरी विद्यालय प्रांगण में नगर परिषद कुरावर के माध्यम से भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथियों ने कर एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने-अपनी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कुलदीप किंशुक को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर परिषद के द्वारा अभी तक प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप्प है। उन्होंने मंच से विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अजय बघेल एवं बाबू चंद्रवंशी से कहा कि वह समय पर व्यवस्था को ठीक करें, साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि वह मेरे क्षेत्र की जनता को नियम काम बताएं और काम ज्यादा करें। यदि




क्षेत्र की जनता को परेशानी होगी तो मुझे परेशानी होगी। हम आगे भी आने वाले समय में कुरावर नगर परिषद को कुरावर नगर पालिका का दर्जा दिलवाने वाले हैं। यह हमारा सपना है उन्होंने कुरावर नगर में महाविद्यालय खेल मैदान एवं नवीन बस स्टैंड के निर्माण की बात भी कही। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को कुरावर नगर को अयोध्या में बना दें उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उसे व्यक्तित्व की संज्ञा दी जिन्होंने देश में राम राज्य की स्थापना भी की है। साथ ही उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं भाजपा सरकार को धन्यवाद दिया। जिन्होंने कुरावर ग्राम पंचायत को नगर परिषद का दर्जा दिया था।

## दृष्टि बाधित व्यक्ति से अभद्रता करने वाले बस कंडक्टर पर मामला दर्ज



खबर का असर

**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ से ब्यावर की ओर जाने वाली अमन बस में सफर कर रहे दृष्टिबाधित युवक के साथ अभद्रता करने वाले बस कंडक्टर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हरिभूमि ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया था] जिसका असर अब देखने को मिला है। पीड़ित युवक ने बीते दिनों नरसिंहगढ़ थाने में मामले की शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई की पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक अजय जोशी पिता धन्नालाल जोशी निवासी बड़ा बाजार उम्र 24 वर्ष बीते माह 13 दिसंबर को अमन बस क्रमांक एमपी 04 पीए0568 में बैठकर राजगढ़ जा रहा था। बस कंडक्टर ने युवक से पैसे मांगे तो उसने दृष्टिबाधित प्रमाण पत्र दिखाते हुए किराए में 50: की छूट होने की बात कहते हुए आधा किराया देने की बात कही लेकिन कंडक्टर ने उसकी बात नहीं मानी और पूरा किराया वसूलने के साथ उसके साथ अभद्रता भी की। बस कंडक्टर ने युवक को बीच रास्ते में ही उतार दिया था हालांकि लोगों के कहने पर उसे वापस बस में बैठा लिया गया। इन सब से आहत युवक ने थाने में उक्त वक्त कंडक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस ने कंडक्टर पर भादवी धारा 352 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए अभियान 22 जनवरी तक

### अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**राजगढ़।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो गई हैं। इसके तहत शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप प्रति उपलब्ध कराई गई। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन भी कर दिया गया है।

पुनरीक्षण अभियान के दौरान सभी बीएलओ 6 जनवरी से 22 जनवरी तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। इस अवधि में मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन बीएलओ द्वारा लिए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने बताया कि 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को षिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

#### 22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

कलेक्टर दीक्षित ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

#### 8 फरवरी को होगा सूची का अंतिम प्रकाशन

बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 1149385 है। साथ ही 1378 मतदान केन्द्र हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



एनएच 52 गंगा होटल के सामने अज्ञात की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नेशनल हाइवे 52 पर रांग साइड पर जा रहा बादल पिता मुंशीलाल निवासी अमलावत उम्र 22 साल को गंगा होटल के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मर दी, जिसमे युवक की मौत हो गई ।100 डायल के माध्यम से स्थानीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेजा।

# यातायात व्यवस्था नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अब होगी सख्त कार्रवाई

### आज से लागू होंगे नगरपरिषद के नए नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचोर

पचोर शहर में यातायात को दुरूस्त करने अब न्गरपरिषद नगर पचोर ने कमर कस ली है। जिसमें नगर में पशु बाजार से लेकर फल, सब्जी, सीमेंट, एवं चार पहिया या बड़े वाहनों के आवागमन पर भी परिषद के नियम लागू होंगें। यह नियम सोमवार से लागू होंगे और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### यह रहे नए नियम, जिनका करना होगा पालन

- पशु हाट बाजार में आने जाने वाले संपूर्ण वाहनों की आवक जावक पानिया रोड बायपास से रहेगी।
- बस स्टैंड पर फल दुकानदार अपनी दुकान में ही दुकान लगाएं। दुकान के बाहर फलों की बिक्री एवं नीलामी नही करें अन्यथा सामग्री जब्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी।
- सरिया, सीमेंट, खाद या अन्य सामग्री के बड़े वाहन सुबह 8 बजे से रात्रि 09 बजे तक नगर मे खाली नही होंगे।
- गांधी चौक से पुराना बस स्टैंड तक के मार्ग का उपयोग चार पहिया व अधिक पहिया वाले वाहनो के लिये एकांकी मार्ग (वन-वे) के रूप मे बस स्टैण्ड जाने के लिये किया जाएगा।
- नये बस स्टैण्ड, पुराने बस स्टैण्ड, गांधी चैक एवं अन्य व्यस्ततम मार्गो पर घर एवं दुकानो के सामने खड़े हुए वाहन तत्काल हटाकर अपनी निजी स्थान पर खड़े करे अन्यथा चालानी कार्यवाही की जाएगी।
- नगर के समस्त निवासी, होटल या अन्य समस्त दुकानदार कचरा खुले में नही फेकेंगे अन्यथा चालानी कार्यवाही की जाएगी।
- नगर के समस्त मार्ग पर छत का पानी खुले मे नही निकाला जावे। छत के पानी बंद पाईप द्वारा नाली मे छोड़ा जाए।
- बस स्टैंड पर खड़े होने वाले पीकप एवं अन्य छोटे सवारी वाहन तहसील के पीछे बड़े पुल के पास पार्किंग किए जाएं।

## नवागत डीईओ से मिला शिक्षक संगटन का प्रतिनिधिमंडल



**राजगढ़।** मप्र शासकीय शिक्षक संगटन के जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नवागत जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी से भेंट की। इस दौरान षिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर उनसे चर्चा की गई। जिला शिक्षाधिकारी रघुवंशी ने कहा कि सभी को मिलकर जिले की शैक्षणिक सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का प्रथम दायित्व बच्चों की पढ़ाई है जिसे प्राथमिकता में रखते हुए अपने-अपने स्कूलों का रिजल्ट उत्कृष्टतम लाने का प्रयास करें। बच्चों के अंदर की अन्य प्रतिभाओं को कैसे निखारें, इसको लेकर भी स्कूलों में समय-समय पर गतिविधियां आयोजित की जाएं। शिक्षकों एवं अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं का नियमानुसार निराकरण का आष्वासन भी उनके द्वारा दिया गया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह परमार, उत्कृष्ट प्राचार्य महेश गुप्ता, संगटन जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत, कमल सिंह चौहान, रामबाबू शर्मा, नीतिश शर्मा, मांगीलाल चौहान, गिरिराज भलवाला, रोहन वर्मा, मनोज शर्मा, राजेंद्र सिंह खिंची, मनोहर सिंह परमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### सुठालिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले राज्यमंत्री...

# कर्मचारी ध्यान से हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिले। इसके लिए बीते दिनों शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शनिवार को नगर के जीन मैदान पर किया गया। जिसमें मप्र शासन के नवनियुक्त मत्स्य पालन एवं मछुआ कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी ध्यान से हितग्राहियों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करें हम लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

वहीं उन्होंने कहा कि राशन वितरण में भी शिकायत नहीं आना चाहिए उन्होंने उपभोक्ता भंडारों के संचालकों से भी कहा कि अपनी राशन वितरण व्यवस्थाओं को सुधरे. इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभागों की योजनाओं का अधिकारी कर्मचारी हितग्राहियों



को समुचित लाभ प्रदान करें वहीं उन्होंने बंटवारा नामांतरण सहित सभी विभागों के प्रमुखों को स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह का कोई भी काम विभागों में पेंडिंग नहीं रहे इस दौरान श्री पवार ने कहा की करते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकार लंबे समय तक देश में रही लेकिन ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं हुआ केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकारी बनते ही ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए वाजपेई जी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना चलाई। वही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने भी गरीब वर्गों के लिए काफी योजनाएं संचालित की हे उन्होंने कहा कि देश में 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है जो आगामी पांच वर्षों तक जारी रहेगा। उन्होंने इस दौरान पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके नेता सिर्फ वोट के समय ही आते हैं और लोगों को बरगला कर वोट ले लेते हैं लेकिन विकास का कार्य कुछ नहीं करते।

इस दौरान कार्यक्रम को पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव नारायण सिंह सालरिया खेड़ी नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिराज लोधी आदि ने भी संबोधित किया. स्वागत भाषण देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं कार्यक्रम में नगर के हितग्राहियों को हित लाभ भी विकसित किए गए। परलापुरा दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया इस मौके पर भाजपा नेता अशोक अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा कुशवाह मान सिंह टोंका राकेश शिवहरे बने सिंह पंवार मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी, महेश पालीवाल ओम पालीवाल पार्षद गण सहित शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी मोजूद थे।

## 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनेगा स्वामीजी का जन्मदिवस

**राजगढ़।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी की अध्यक्षता में आयोजन की तैयारियों को लेकर स्वयंसेवी संगठनों, आम नागरिकों की बैठक आयोजित कर विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि युवा दिवस पर महाविद्यालयों, पंचायतों, आश्रम शालाओं में प्रातः 9 बजे से 10.30 तक सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत तथा मध्यप्रदेष गान का सामुहिक गायन होगा तत्पष्चात रेडियो के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री का जनता के नाम रिकार्डेड संदेश प्रसारित किया जाकर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम संपन्न होगा। यह समस्त कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थाओं में एक साथ होंगे। इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों एवं जनसामान्य की उपस्थिति सुनिष्चित की जाएगी।